सीएमओ का सख्त एक्शन

# कचरा फैलाने वालों से रात में ही करवाया श्रमदान

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 25 अप्रैल।** शहर को साफ-सुथरा बनाने के लिए प्रशासन अब केवल अपील तक सीमित नहीं, बल्कि सख्ती के साथ जिम्मेदारी भी तय कर रहा है। कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में नगर पालिका सीएमओ ईशांक धाकड़ ने स्वच्छता अभियान को नया तेवर दिया है जो गंदगी फैलाएगा, वही उसे साफ भी करेगा।

बीती रात नगर पालिका की स्वच्छता टीम ने प्रमुख बाजारों और चौराहों पर अचानक



निरीक्षण किया। टीम में आरआई सुधीर मिश्रा, योगेश शर्मा, संजीव सिंह चौहान सहित नपा अमला मौजूद रहा। जांच के दौरान कई दुकानों के सामने कचरा फैला मिला।

इस पर टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संबंधित दुकानदारों से मौके पर ही श्रमदान कराया। खुद झाड़ू लगवाई, कचरा उठवाया और साफ-सफाई करवाई गई। कार्रवाई यहीं नहीं रुकी। लापरवाही बरतने वाले दुकानदारों पर जुर्माना भी ठोका गया और स्वच्छता शुल्क की वसूली की गई। अधिकारियों ने साफ चेतावनी दी कि आगे से सड़क पर कचरा फेंकने या दुकान के आसपास गंदगी मिलने पर सीधे आर्थिक दंड लगाया जाएगा।

सीएमओ ईशांक धाकड़ ने कहा कि स्वच्छ शहर केवल नगर पालिका की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने दुकानदारों और आमजन से अपील की कि वे कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें और स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

# सुधारी जाएंगी राजस्व अभिलेखों की त्रुटियाँ

**ग्वालियर, 25 अप्रैल।** राजस्व अभिलेखों में दर्ज त्रुटियों के त्वरित सुधार के लिए कलेक्टर रुचिका चौहान ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों (राजस्व) को विशेष अभियान चलाने के निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर ने राजस्व अभिलेखों में त्रुटियों से संबंधित सभी प्रकरण चिन्हित कर 5 मई 2026 तक ग्रामवार रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है, जिससे त्रुटि सुधार कर संबंधित भूमि स्वामियों को योजनाओं के लाभ में आ रही बाधाओं को दूर किया जा सके। ज्ञात हो बीते दिनों कलेक्टर द्वारा ली गई राजस्व अधिकारियों की बैठक में यह तथ्य सामने आया था कि जिले के विभिन्न ग्रामों के कम्प्यूटरीकृत खसरों में भूमिस्वामी स्वत्व संबंधी कॉलम क्रमांक-5 में कई स्थानों पर

**कलेक्टर ने 5 मई तक माँगी ग्रामवार रिपोर्ट**

वास्तविक भूमिस्वामियों के नाम के स्थान पर 'अ पुत्र ब' जैसे काल्पनिक नाम दर्ज हैं। साथ ही कुछ प्रकरणों में यह कॉलम रिक्त है। यह त्रुटियाँ अभिलेखों के डिजिटाइजेशन के दौरान उत्पन्न हुई हैं। कलेक्टर द्वारा जारी निर्देशों के तहत हल्का पटवारी अपने-अपने ग्रामों में ऐसे सभी सर्वे क्रमांकों की सूची तैयार करेंगे, जहाँ काल्पनिक नाम दर्ज हैं अथवा भूमिस्वामी का कॉलम रिक्त है। साथ ही प्रत्येक सर्वे क्रमांक के लिए कम्प्यूटरीकरण से पूर्व की सही प्रविष्टियों की जानकारी भी संकलित की जाएगी। यह जानकारी हल्का पटवारी, राजस्व निरीक्षक एवं तहसीलदारों के माध्यम से संकलित कर निर्धारित समय-सीमा में कार्यालय को उपलब्ध कराई जाएगी। प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 115 के प्रावधानों के अंतर्गत विधिवत त्रुटि सुधार की कार्यवाही की जाएगी।

# 20 पेटी अवैध शराब के साथ तस्कर को दबोचा, 11 लाख का माल जब्त

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 25 अप्रैल।** अवैध शराब के खिलाफ चल रहे अभियान में मायापुर थाना पुलिस ने फिल्मी अंदाज में घेराबंदी कर बड़ी सफलता हासिल की है। मुखबिर की पुख्ता सूचना पर टीम ने स्कॉर्पियो क्रमांक यूपी 93 एएक्स 6641 को दौड़ाकर पकड़ा और 20 पेटी अवैध शराब के साथ आरोपी को दबोच लिया। जब्त माल व वाहन की कुल कीमत करीब 11 लाख रुपये आंकी गई है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले और एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में की गई।

मायापुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह नरवरिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 24 अप्रैल को वाणी खदान के पास जाल बिछाया। जैसे ही संदिग्ध स्कॉर्पियो नजर आई, पुलिस ने रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक वाहन मोड़कर भागने लगा।




टीम ने पीछा कर घेराबंदी की और वाहन को काबू में ले लिया। तलाशी में चार कट्टों से 20 पेटी देशी प्लेन व मसाला मदिरा बरामद हुई, हर पेटी में 50-50 क्वार्टर। वाहन में सवार तालिम नट उम्र 22 वर्ष निवासी काली पहाड़ी, पिछोर, वैध लाइसेंस नहीं दिखा सका। उसके खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) में केस दर्ज कर गिरफ्तारी की गई। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी दिनेश सिंह नरवरिया, उनि अजय पटेल, सउनि शेख मेहबूब, प्रआर सुरेन्द्र राय, प्रआर रघुवीर सिंह, प्रआर ऊधम सिंह, आर. सर्वेश शर्मा, चन्द्रभान सिंह, राजवीर पवैया, मुरारीलाल और रवि लोधी की अहम भूमिका रही।

# तेज रफ्तार कार पलटी, एक की मौत, चार घायल


**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 25 अप्रैल।** आस्था की राह पर निकले पांच दोस्तों का सफर मातम में बदल गया। शिवपुरी के नोहरी इलाके में रेलवे पुल के पास शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार कार अनियंत्रित

**दो की हालत नाजुक**

होकर पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो युवतियों समेत चार लोग घायल हो गए जिनमें दो की हालत गंभीर बनी हुई है।

कार क्रमांक यूपी 80 एफव्ही 2581 में सवार मयंक भदौरिया उम्र 26 वर्ष, प्रवीण सिंह उम्र 28



वर्ष, अभय सिंह उम्र 21 वर्ष, प्रियांशी राठौर उम्र 28 वर्ष और दीक्षा सेनी उम्र 28 वर्ष आगरा से महाकालेश्वर मंदिर के दर्शन के लिए निकले थे। शिवपुरी के पास खराब सड़क और वन-वे व्यवस्था के बीच कार बेकाबू हुई और कई पलटियां खा गई। हादसे में मयंक भदौरिया की मौके पर ही मौत हो गई। प्रियांशी राठौर और प्रवीण सिंह को गंभीर हालत में ग्वालियर रेफर किया गया है, जबकि अभय सिंह और दीक्षा सेनी का इलाज मेडिकल कॉलेज शिवपुरी में जारी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# मादा टाइगर ने 40 साल के युवक को बनाया शिकार, ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

**हनुमत सिंह रावत**

**नरवर 25 अप्रैल।** शिवपुरी जिले के सतनवाड़ा थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे इलाके को दहशत में डाल दिया है ऐरावन गांव निवासी 40 बरसीय सरमन पुत्र लचछी आदिवासी बुधवार सुबह अपनी गाय की तलाश में जंगल गया था लेकिन फिर वापस नहीं लौटा परिवार को लगा कि वह पास के मंदिर में चल रही अखंड धुन में रुक गया होगा लेकिन हकीकत इससे कहीं ज्यादा खौफनाक निकली, माधव टाइगर रिजर्व की सीमा में सिंध नदी किनारे जो मिला उसने सबको संन कर दिया सरवन के शरीर का सिर्फ 25ज हिस्सा जिसमें एक पैर, एक हाथ, सिर का हिस्सा और मांस की लोथडे शामिल थे, पहचान केवल कपड़ों और जूतो से हो सकी जिन्हे नदी किनारे पाया गया वन विभाग



की टीम इन अवशेषों को बोरी में भरकर लाई और पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया जबकि अंतिम पुष्टि के लिए मृतक के बेटे का डीएनए टेस्ट भी कराया जाएगा प्रारंभिक अनुमान है कि सरवन नदी में नहाने गया था तभी घात लगाकर बैठी मादा टाइगर एमटी सिक्स ने उस पर हमला कर दिया ग्रामीणों का कहना है कि पिछले तीन दिनों से इलाके में वन विभाग की गाड़ियों की आवाजाही बड़ी थी जिससे टाइगर की मौजूदगी का अंदेशा था लेकिन सवाल उठता है कि जब खतरा था तो अलर्ट क्यों नहीं किया गया बताया जा रहा है कि यह मादा टाइगर एमटी सिक्स का तीसरा हमला है पहले एक बुजुर्ग फिर एक भैंस और अब एक इंसान की जान चली गई ,गांव में डर का माहौल है और लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं ,क्या वन विभाग इस खूनी सिलसिले को रोक पाएगा क्या एमटी सिक्स को पकड़ने के लिए कोई ठोस कार्रवाई होगी या ग्रामीणों को यूं ही खतरे में छोड़ दिया जाएगा, इसी घटना को लेकर आज ऐरावन गांव के लोगों ने सुबह से ही चक्काजाम कर दिया, चक्काजाम की जानकारी जब प्रशासन को लगी तब आनन फानन में शिवपुरी एसडीओपी संजय कुमार चतुर्वेदी ,सतनवाड़ा थाना प्रभारी सुनील सिंह राजपूत ,शिवपुरी तहसीलदार कल्पना शर्मा , डीएफओ शिवपुरी मयदलबल के साथ तथा विधायक कैलाश कुशवाहा आदि प्रशासनिक अधिकारी ऐरावन गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार से मिले तथा पीड़ित परिवार को 800000 मुआवजा ,परिवार के एक सदस्य को नौकरी तथा पीडित परिवार को रोजगार उपलब्ध कराने का आश्वासन प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवार को दिया गया है

# तेज रफ्तार थार का कहर : दुकान में घुसी कार, दिव्यांग को रौंदा, नाबालिग ड्राइविंग की आशंका

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 25 अप्रैल।** शहर के फिजिकल थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम एक खतरनाक हादसे ने दहशत फैला दी। बाबू क्वार्टर रोड पर तेज रफ्तार और अनियंत्रित महिन्द्रा थार सीधे एक बंद दुकान में जा घुसी। हादसे की चपेट में आकर पास में हाथ ठेले पर कबाड़ खरीदने बैठे दिव्यांग युवक बिल्लू गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शी आविद खान के मुताबिक, कार अचानक तेज गति से आई और चालक नियंत्रण खो बैठा, जिसके बाद वाहन दुकान में जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आसपास अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल को बाहर निकाला और




जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना को लेकर एक चौंकाने वाली बात सामने आई है कि कार गुजरात नंबर जीजे 38 बीजी 1274 की बताई जा रही है और स्थानीय लोगों का दावा है कि वाहन संभवत: एक नाबालिग चला रहा था। हादसे के तुरंत बाद कुछ लोग कार को मौके से हटाकर ले गए, जिससे मामले में संदेह और गहरा गया है।

# जिला चिकित्सालय बना अखाड़ा, पास दिखाने पर भी अटेंडर की पिटाई

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 25 अप्रैल।** जिला अस्पताल शिवपुरी में सुरक्षा व्यवस्था उस वक्त सवालों के घेरे में आ गई, जब वार्ड में प्रवेश को लेकर शुरू हुआ विवाद खुलेआम मारपीट में बदल गया। दो महिला गार्ड समेत चार सुरक्षा कर्मियों द्वारा एक अटेंडर की पिटाई का वीडियो सामने आने के बाद

**गार्डों का वीडियो वायरल**

हड़कंप मच गया है।



कोलारस के पचावला निवासी सचिन गोस्वामी ने आरोप लगाया कि उनकी भाभी पिछले दो दिनों से अस्पताल में भर्ती हैं। शनिवार को वे नियमानुसार पास बनवाकर खाना देने वार्ड की ओर जा रहे थे, तभी ड्यूटी पर तैनात गार्ड भास्कर राजे ने उन्हें रोक दिया। सचिन का कहना है कि पास दिखाने के बावजूद गार्ड ने न सिर्फ अंदर जाने से मना किया, बल्कि गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर गार्ड ने अन्य साथियों को बुला लिया। इसके बाद शाक्य गार्ड और महिला गार्ड सोनम व राजकुमारी सहित चार लोगों ने मिलकर सचिन के साथ मारपीट कर दी। वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि गार्ड एक व्यक्ति को घेरकर पीट रहे हैं, जबकि आसपास मौजूद लोग तमाशबीन बने खड़े हैं। पीड़ित का यह भी आरोप है कि उसी दौरान एक अन्य अटेंडर के साथ भी हाथापाई की गई। घटना ने अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं जहां मरीजों की देखभाल होनी चाहिए, वहां उनके परिजनों के साथ दुर्व्यवहार हो रहा है। हैरानी की बात यह है कि पूरे घटनाक्रम के बावजूद अस्पताल प्रबंधन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। ऐसे में बड़ा सवाल यही है क्या अस्पताल में सुरक्षा के नाम पर मनमानी चल रही है, और जिम्मेदारों पर कब होगी कार्रवाई?

आईटीबीपी के संचार संस्थान का 14वां स्थापना दिवस

# परेड, उपलब्धियों और तकनीकी दमखम का भव्य प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 25 अप्रैल।** सीआईटीआई (संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान), आईटीबीपी शिवपुरी मप्र ने 25 अप्रैल 2026 को अपना 14वां स्थापना दिवस पूरे हर्षोल्लास, अनुशासन और गरिमा के साथ मनाया। समारोह में संस्थान के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी और हिमवीरों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भव्य परेड रही, जिसमें जवानों ने बेहतरीन तालमेल, अनुशासन और उच्च स्तरीय प्रशिक्षण का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उप महानिरीक्षक (डीआईजी) रोशन लाल ठाकुर ने परेड का निरीक्षण कर सभी कार्मिकों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं।

अपने संबोधन में डीआईजी श्री ठाकुर ने वर्ष 2012 में स्थापना के बाद से संस्थान की उल्लेखनीय



उपलब्धियों को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि अब तक 518 से अधिक बेसिक, प्रोमोशनल और इन-सर्विस कोर्स संचालित किए जा चुके हैं, जिनमें 14 हजार से ज्यादा प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित किया गया है।

संस्थान में आधुनिक संचार तकनीक, साइबर सुरक्षा, नेटवर्क प्रबंधन, माइक्रोवेव संचार, सर्विलांस और ड्रोन तकनीक जैसे अत्याधुनिक विषयों पर उच्च गुणवत्ता का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संस्थान को वर्ष 2019 में बेस्ट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का सम्मान मिल चुका है और एनएससीएसटीआई द्वारा प्रमाणन भी प्राप्त है। राष्ट्रीय स्तर पर भी संस्थान की प्रतिभा का लोहा मनवाया गया है। 69वीं ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट-2026 नागपुर में संस्थान के प्रशिक्षित कार्मिकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण और कांस्य पदक हासिल किए। आईटीबीपी टीम ने समग्र टीम इवेंट में रनर-अप स्थान प्राप्त किया, वहीं सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से पुलिस को सशक्त बनाना इवेंट में विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। इसके अलावा वर्ष 2025 में संस्थान के 6 कार्मिकों को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए डीजी कमेंडेशन रोल से सम्मानित किया गया।

# गुटखा की फैक्ट्रियां बेनकाब, 6 घंटे की रेड में 2 यूनिट सील, 11 मशीनें-वाहन जब्त

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 25 अप्रैल।** करैरा क्षेत्र में अवैध गुटखा निर्माण के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी और सुनियोजित कार्रवाई करते हुए दो फैक्ट्री यूनिटों का भंडाफोड़ कर दिया। करीब छह घंटे तक चली इस रेड में भारी मात्रा में मशीनें, वाहन और केमिकल जब्त कर दोनों यूनिट और गोदामों को सील कर दिया गया।

एसडीएम अनुराग निंगवाल के नेतृत्व में पुलिस और प्रशासनिक टीम ने शुक्रवार को ग्राम टीला और अमोला कॉलोनी में एक साथ दबिश दी। जैसे ही टीम मौके पर पहुंची, वहां अफरा-तफरी मच गई और फैक्ट्री संचालक फरार हो गए, जबकि मजदूर मौके पर ही मिले। कार्रवाई की शुरुआत टीला स्थित यूनिट से हुई, जहां अवैध रूप से गुटखा प्रोसेसिंग और



पैकेजिंग का काम चल रहा था। टीम ने फैक्ट्री को तत्काल सील करते हुए पास के गोदाम को भी बंद कराया। इसके बाद अमोला कॉलोनी में संचालित दूसरी यूनिट पर कार्रवाई कर उसे भी सील कर दिया गया। छापेमारी के दौरान प्रशासन ने 11 से अधिक मशीनें, दो लोडिंग वाहन, एक आयशर ट्रक और केमिकल से भरे कई ड्रम जब्त किए। मौके से बड़ी मात्रा में गुटखा निर्माण सामग्री भी बरामद हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यहां अलग-अलग ब्रांड के नाम पर अवैध गुटखा तैयार कर बाजार में खपाया जा रहा था। इस संयुक्त कार्रवाई में एसडीओपी आयुष जाखड़, तहसीलदार ललित शर्मा और खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशुतोष मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सभी यूनिटों को खाद्य सुरक्षा कानून के तहत सील कर जांच शुरू कर दी गई है। एसडीएम अनुराग निंगवाल ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध गुटखा निर्माण की शिकायतें मिल रही थीं। इसी आधार पर यह कार्रवाई की गई है और अब पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है।

# रातों-रात सड़क खोदने पर बवाल, पीडब्ल्यूडी ने ठेकेदार पर दर्ज कराई शिकायत, पानी बिना पाइपलाइन पर सवाल

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 25 अप्रैल।** शहर के सर्किट हाउस रोड पर बिना अनुमति सड़क खोदने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। पीडब्ल्यूडी विभाग ने नगर पालिका के एक ठेकेदार के खिलाफ कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिससे प्रशासनिक लापरवाही और समन्वय की कमी उजागर हुई है।

पीडब्ल्यूडी के सब इंजीनियर मनोज अग्रवाल के अनुसार, ठेकेदार ने रातों-रात सड़क को पूरी तरह खोद दिया, जिससे विभाग को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। विभाग ने नुकसान का आकलन कर कार्रवाई के लिए रिपोर्ट उच्च अधिकारियों और कलेक्टर को भेज दी है। इधर, वार्ड 7 के पार्षद अरविंद ठाकुर ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर तीखा हमला बोला है। उनका आरोप है कि सिंध जलावर्धन योजना के तहत पाइपलाइन तो बिछा दी गई और लोगों से बिल भी वसूला जा रहा है, लेकिन हकीकत यह है कि अभी तक घरों में पानी नहीं पहुंचा।



पार्षद ने कहा कि बार-बार सड़कों को खोदने से शहर में धूल, अव्यवस्था और जनता की परेशानी बढ़ रही है। जिस सड़क को खोदा गया, वह पहले से जर्जर थी, अब दोबारा निर्माण को लेकर भी कोई स्पष्ट योजना नहीं है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि जिस पाइपलाइन के लिए सड़क खोदी गई है, उसे जिस टंकी से जोड़ा जाना है, वह पहले से ही ओवरलोड है ऐसे में नई लाइन से पानी आपूर्ति कितनी प्रभावी होगी, यह संदेह बना हुआ है।